मूल हिन्दी

भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न सं.33*

06 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

अलवर-दिल्ली पानीपत रैपिड रेल परियोजना

33* श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अलवर-दिल्ली-पानीपत रैपिड रेल परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या यह सच है कि उक्त परियोजना के पूरा होने में विलंब हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार के पास हरियाणा में ऐसी अन्य रैपिड रेल परियोजनाएं शुरू करने की कोई योजना/प्रस्ताव है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य मंत्री

(श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ) विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

विवरण

अलवर-दिल्ली-पानीपत रैपिड रेल परियोजना के संबंध में श्री कार्तिकेय शर्मा द्वारा पूछे गए 06 फरवरी, 2023 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 33* के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग): दिल्ली-पानीपत क्षेत्रीय रैपिड परिवहन प्रणाली (आरआरटीएस) कॉरिडोर के लिए हरियाणा सरकार के अनुमोदन और वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और दिल्ली-एसएनबी (शाहजहाँपुर-नीमराना-बहरोड़) आरआरटीएस कॉरिडोर, जो दिल्ली-अलवर आरआरटीएस कॉरिडोर का हिस्सा है, के लिए हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ अनुमोदन प्राप्त हो गया है। तथापि, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (जीएनसीटीडी) ने वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की है। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत आरआरटीएस कॉरिडोर अनुमोदित नहीं किया गया है, इसलिए कॉरिडोरों के पूरा होने में देरी का प्रश्न ही नहीं उठता है।

(घ): राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने निम्नलिखित दो अन्य आरआरटीएस कॉरिडोर की पहचान की है जो हरियाणा राज्य से गुजरेंगे:
i) दिल्ली-फरीदाबाद-बल्लभगढ़-पलवल
ii) दिल्ली-बहादुरगढ़-रोहतक

इसके अलावा, रेल मंत्रालय ने सूचित किया है कि हरियाणा राज्य से गुजरने वाली निम्नलिखित दो परियोजनाओं के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किए गए हैं:
i) दिल्ली-आगरा एलिवेटेड हाई स्पीड
ii) दिल्ली-रेवाड़ी-जयपुर (गति 220 कि.मी. प्रति घंटा तक)

*****